दिनांक : 16.05.2026 समय : 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार---

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और नीदरलैंड वैश्विक संकटों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।**
- भारत की न्यायपालिका को 24 घंटे काम करने वाली व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना होगा कहा मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने।
- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

- राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में आज शनि जयंती श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही है।

**प्रधानमंत्री – नीदरलैंड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और नीदरलैंड वैश्विक संकटों से निपटने के लिए भरोसेमंद, पारदर्शी और भविष्य के लिए तैयार आपूर्ति व्यवस्था बनाने पर मिलकर काम कर रहे हैं।

अपने पांच देशों के दौरे के तहत आज नीदरलैंड के हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय ऊर्जा संकट जैसी कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि इन चुनौतियों का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वैश्विक विकास प्रभावित हो सकता है और बड़ी आबादी गरीबी की ओर बढ़ सकती है।

**प्रधानमंत्री ने कहा, "आज भारत में हर महीने 20 बिलियन से ज्यादा UPI ट्रांजेक्शन होते हैं यानी पूरी दुनिया में हो रहे डिजिटल ट्रांजेक्शन में आधे से ज्यादा सिर्फ भारत में हो रहे हैं।**

**राष्ट्रीय सेमिनार**

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि भारत की न्यायपालिका को अब अस्पतालों की तरह 24 घंटे काम करने वाली व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना होगा। डिजिटल बदलावों के इस दौर में आम नागरिकों का भरोसा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। आज जबलपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार में उन्होंने कहा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म ऐसे हों जिन्हें ग्रामीण और तकनीक से कम परिचित लोग भी आसानी से समझ सकें। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की यह पहल साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले डिजिटल पुलिस नेटवर्क के उदाहरण के रूप में चंडीगढ़ का नाम लिया जाता था, लेकिन अब मध्य प्रदेश मिसाल बनेगा। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सरल बनाया है और लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने में न्यायपालिका की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

**शिक्षा मंत्रालय बैठक**

**शिक्षा मंत्रालय ने देश में स्कूल छोड़ने वाले, विशेष रूप से चौदह से अठारह आयु वर्ग के बच्चों की बढ़ती संख्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। स्कूल शिक्षा और साक्षरता सचिव संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान-एनआईओएस द्वारा प्रस्तावित एक नई पहल की कार्यान्वयन रणनीति की समीक्षा की गई।**

सीबीआई नीट गिरफ्तारी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने आज नीट–यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक से जुड़े एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंधारे महाराष्ट्र के पुणे की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका हैं। उन्हें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया था।

**राष्ट्रीय डेंगू दिवस**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। सोशल मीडिया संदेश में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार बेहतर निगरानी, व्यापक परीक्षण, बेहतर उपचार सुविधाओं और व्यापक जागरूकता अभियानों के माध्यम से डेंगू नियंत्रण प्रयासों को मजबूत करना जारी रखे हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डेंगू बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छता, जागरूकता और सतर्कता बहुत जरूरी है। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। प्रदेश के कटनी जिला चिकित्सालय सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों का आयोजन कर मरीजों की निशुल्क डेंगू और मलेरिया की जांच की गई ।

**भोजशाला**

धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के बाद आज सुबह श्रद्धालुओं और अलग–अलग समितियों के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण माहौल में दर्शन और पूजा–अर्चना की। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने कल ऐतिहासिक फैसले में भोजशाला को राजा भोज के समय का वाग्देवी का मंदिर माना और हिंदू पक्ष को यहां पूजा का अधिकार दे दिया है। धार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने कहा, कि शहर में शांति बनाए रखने और कानून–व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार फ्लैग मार्च किए जा रहे हैं।

**शनि जयंती**

राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में आज शनि जयंती श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 13 साल बाद एक विशेष संयोग बना है, जहां शनि जयंती, शनिचरी अमावस्या और वट सावित्री व्रत एक ही दिन मनाए जा रहे हैं। इस महासंयोग के मौके पर शनि मंदिरों और पवित्र नदी घाटों पर तड़के से ही लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आगरमालवा जिले में शनि जयंती पर शनि मंदिरों में भीड़ देखी जा रही है।

**मौसम**

पिछले 24 घंटो के दौरान प्रदेश के शहडोल,चंबल, रीवा, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में कहींकही; बारिश दर्ज की गई, खंडवा, रतलाम सहित कई जिलों में लू का प्रभाव रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान खंडवा, रतलाम सहित कई जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। वहीं डिंडोरी,छिंदवाड़ा,सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुणा जिलों में आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

- अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्य अभियंता शलेंद्र शुक्ला द्वारा सागर जिले के खुरई सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया।
- बच्चों में मानसिक क्षमता, स्मरण शक्तिओर ब्रेन एक्सेस कौशल हेतु आगरमालवा में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के  बच्चों के लिए आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हो गया।
- खंडवा में "डोडवली अमावस्या" आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।
- सीहोर के बुधनी सिविल अस्पताल में पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम किया और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।
- शिवपुरी कलेक्टर ने आज पिछोर में सनघटा सिंचाई परियोजना अंतर्गत सनघटा डैम का निरीक्षण किया और गुणवत्तायुक्त कार्य के निर्देश दिए।
- नीमच जिले में आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया कला के औषधालय परिसर में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया।
- गुना जिले में किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान का शुभांरभ आज किया गया।
- मंडला में आयोजित आदि उत्सव के दूसरे दिन रामनगर में जनजातीय संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली विरासत की छटा देखने को मिली।
- संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत अशोकनगर जिले में 11 स्थानो पर विद्युत समस्या समाधान शिविरो का आयोजन किया गया।

_____________